तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **आईदानराम ग्वाला** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बावड़ी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353533509080821	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/04/25	अपीलार्थी आईदानराम ग्वाला निवासी पाटो की बासनी पोस्ट सावंत कुआ खुर्द तहसील बावड़ी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 24.01.2025 को दिनांक 01.06.2012 पत्र क्रमांक राजस्व/2012/932 द्वारा आपके कार्यालय द्वारा श्रीमान अपर जिला कलक्टर एवं प्रभारी अधिकारी मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ को ग्राम–पातों की बासनी, बावड़ी जोधपुर के खसरा नम्बर 8, 9, 17, 107 को अतिक्रमण मुक्त किया गया उन अतिक्रमणधारियों की (सूची) का विवरण नाम सहित एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बावड़ी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बावड़ी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बावड़ी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बावड़ी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.30 16:51:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15013276